Hindustan, dated 03.11.2020

चौथी कटऑफ लिस्ट जारी की

नई दिल्ली (प्र.सं.)। डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सोमवार को चौथी कटऑफ जारी कर दी है। इसमें लगभग सभी विषयों की कटऑफ में कमी आई है। ऊंची कटऑफ के बाद भी सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए मौके हैं। दिल्ली के छात्रों के लिए इस विश्वविद्यालय में 85 फीसदी सीटें आरक्षित हैं।

दिल्ली के बाहर के छात्रों के लिए 15 फीसद सीटें आरक्षित हैं औरइस वर्ग में भी यहां कई कोर्स में सीटें खाली हैं। विश्वविद्यालय ने साइकोलॉजी में पहली कटऑफ सबसे अधिक निकाली थी लेकिन अब भी इसमें छात्रों के लिए मौके हैं। दिल्ली के बाहर के छात्रों के लिए साइकोलॉजी की तीसरी कटऑफ 97.75 फीसदी थी जबकि चौथी कटऑफ में यह .50 फीसदी गिरी है जबकि दिल्ली के छात्रों के लिए 96.75 फीसदी थी लेकिन चौथी कटऑफ 96.25 फीसदी है।

Dainik Jagran, dated 03.11.2020

अंबेडकर विवि की चौथी कटऑफ सूची जारी

जासं, नई दिल्ली: अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) ने सोमवार देर शाम चौथी कटऑफ सूची जारी कर दी है। सबसे ऊंची कटऑफ सूची बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र की जारी की गई। एयूडी में बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र में दाखिले के दिल्ली के विद्यार्थियों के बेस्ट फोर में 94 फीसद अंक होने चाहिए, जबकि अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के कोटे की 15 फीसद सीटें दूसरी कटऑफ में ही फुल हो चुकी हैं। इसके अलावा अंग्रेजी ऑनर्स विषय में दाखिले के लिए दिल्ली के विद्यार्थियों को 93.25 फीसद और अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को 94.75 फीसद अंक चाहिए।

विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक चौथी कटऑफ सूची के आधार पर दाखिले के लिए छात्र विश्विद्यालय के पोर्टल पर अपने प्रमाणपत्रों को 3 नवंबर सुबह 10 बजे से 4 नवंबर रात 12 बजे से पहले तक अपलोड करके आवेदन कर सकते हैं। साथ ही फीस जमा करने की अंतिम तिथि ... से पहले ...

एनसीवेब की छात्राओं का भी होगा कैंपस सलेक्शन

जासं, नई दिल्ली : डीयू से संबद्ध नॉन कॉलेजिएट वुमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) की छात्राओं के कैंपस प्लेसमेंट की उम्मीद बंधी है। एनसीवेब के अरबिंदो कॉलेज केंद्र ने प्लेसमेंट सेल की स्थापना की है। प्लेसमेंट सेल में प्रो. हंसराज सुमन, डॉ. रमेश कुमारी, डॉ. अदिति व रविंद्र सिंह को पदाधिकारी चुना गया है। केंद्र प्रभारी प्रो. हंसराज सुमन ने बताया कि एनसीवेब ने छात्राओं को रोजगार मुहैया कराने की मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है। सेल पांचवें व छठे सेमेस्टर की समाप्ति से पूर्व कंपनियों से संपर्क करके छात्राओं के लिए रोजगार मेला लगाएगा जिसमें छात्राओं की रुचि के अनुसार रोजगार का प्रबंध किया जाएगा। अरबिंदो कॉलेज एनसीवेब का पहला केंद्र है जहां प्लेसमेंट सेल गठित किया गया है।

REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA

NBT, dated 03.11.2020

आंबेडकर यूनिवर्सिटी की चौथी कटऑफ में 3% तक गिरावट

ज्यादातर कोर्स में एडमिशन का चांस अभी भी बाकी है

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) की चौथी कटऑफ .25% से लेकर 3% तक की कमी लेकर आई है। सोमवार को यूनिवर्सिटी ने अपने पूरे कोर्सेज के लिए चौथी कटऑफ लिस्ट जारी की। चौथी लिस्ट पर 3 और 4 नवंबर को एडमिशन होंगे और 6 नवंबर तक स्टूडेंट्स फीस देकर अपनी सीट पक्की कर सकेंगे। बीए ऑनर्स-मेजर विद इकनॉमिक्स की कटऑफ चौथी लिस्ट में पिछली लिस्ट के मुकाबले .75% नीचे गई है और अब दिल्ली के स्टूडेंट्स को इस कोर्स के लिए 94% पर एडमिशन मिलेगा।

1% की कमी के साथ इंग्लिश ऑनर्स में इस लिस्ट पर 93.25% और मैथ्स ऑनर्स के लिए 88% पर एडमिशन मिलेगा। हिस्ट्री ऑनर्स 93.50% से गिरकर 91.75% पर पहुंचा है। साइकोलॉजी ऑनर्स में सिर्फ .25% की गिरावट आई है। इस पॉपुलर कोर्स के लिए 96.75% पर एडमिशन मिलेगा। सोशियोलॉजी 94.25% से घटकर 93% पर पहुंचा है। सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज 92.5% (.75% नीचे) पर एडमिशन का चांस स्टूडेंट्स के लिए है।

यूनिवर्सिटी के कर्मपुरा कैंपस के कोर्स में भी कटऑफ काफी नीचे गई है। बीए लॉ एंड पॉलिटिक्स 2% नीचे आया है। यहां अब 84.75% पर दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए एडमिशन मिलेगा। वहीं, ग्लोबल स्टडीज 85.25% से नीचे आकर 82.25% पर पहुंचा है। बीए-सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज में 85% (.25% कमी) आई है।

इकलौता बीए-सस्टेनेबल डिवेलपमेंट कोर्स दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए बंद हो चुका है। एयूडी में 85% सीटें दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए रिजर्व होती हैं, बाकी 15% सीटों पर दिल्ली से बाहर के स्टूडेंट्स के लिए एडमिशन होता है। बाहर के स्टूडेंट्स के लिए भी अलग-अलग कोर्स में .25% से लेकर 2% तक की कमी चौथी कटऑफ लिस्ट में नजर आई है।